BSES

बीएसईएस उपभोक्ताओं को मिला
1 करोड़ का कैश–बैक

नई दिल्लीः 11 अप्रैल, 2017। दो महीनों के लिए लॉन्च की गई कैश–बैक स्कीम के तहत, बीएसईएस के करीब 2.25 लाख उपभोक्ताओं को लगभग 1 करोड़ रूपये का कैश–बैक मिला है। बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड और बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड के उपभोक्ताओं के लिए पेटीएम, मोबीक्विक और फोनपे की ओर से फरवरी और मार्च महीने के लिए यह स्कीम लॉन्च की गई थी।

इस कैशबैक स्कीम के तहत, फरवरी और मार्च महीनों के दौरान, ड्यू डेट से पहले अपने बिजली बिल का भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को प्रति बिल 200 रूपये तक का कैश बैक दिया गया। कैश– बैक स्कीम का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को पेटीएम, मोबीक्विक और फोनपे की वेबसाइट/ ऐप के माध्यम से बिजली बिल का भुगतान करने की सुविधा दी गई थी। बिल का भुगतान विभिन्न माध्यमों से किया जा सकता था, जिनमें डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग और ई वॉलेट और यूपीआई आदि शामिल थे।

वैसे, बीएसईएस उपभोक्ताओं के पास 4000 से अधिक लोकेशनों पर बिल भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। वे बीएसईएस ड्रॉप बॉक्स, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग, ऑटो डेबिट, नेबरहुड ईजी बिल, मनीएनमोबाइल, ऑक्सीजन आउटलेट्स, आईटीजेड कार्ड, बिल पेमेंट कियॉस्क्स, चेक इन मेल सुविधा जैसे कई माध्यमों से अपने बिजली बिल का भुगतान कर सकते है।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल आर–इंफ्रा तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उद्यम हैं।